| | |
|---|---|
| | **BURARI PUBLIC SCHOOL**<br>...a venture with **UNIQUE** |
| | अवधिक परीक्षा -2<br>(2026-27)<br>विषय : हिंदी<br>कक्षा - आठवीं दिनांक _______ |

**नाम:** ........................................................................... **अनुक्रमांक**.................. **शिक्षक- हस्ताक्षर**....................

**कुल अंक -40**

सामान्य निर्देश :

1. यह प्रश्न पत्र चार खंड में विभाजित हैं |
2. प्रत्येक खंड के अंक समान है |
3. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़े |
4. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

नोट: "नई शिक्षा नीति (NEP) के दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह अवकाश गृहकार्य मूल्यांकन एक ओपन बुक असेसमेंट के रूप में किया जाएगा। छात्रों को असाइनमेंट पूरा करते समय अपनी पाठ्यपुस्तकों, नोटबुक्स और अन्य अध्ययन सामग्री का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य रटने के बजाय समझ, अनुप्रयोग और विचारों की अभिव्यक्ति पर है। छात्रों को अपने कार्य में ईमानदारी और मौलिकता बनाए रखने की सलाह दी जाती है।"

## खंड – क : अपठित बोध

**प्रश्न 1. गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5)**

वन प्रकृति की अमूल्य संपदा है। मानव जीवन इससे अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। इसका सभ्यता एवं संस्कृति से श्रीरसंबंध है। आदिमानव का जन्म व उसकी सभ्यता-संस्कृति का विकास इन्हीं बनों में हुआ है। उसकी खाद्य सामग्री और आवासको समस्या भी इन्होंने ही सुलझाई थी। मानव की और अन्य वन्य जीव-जंतुओं के जीवन की रक्षा में भी इन्हीं का हाथ रहा है। हमारे ग्रंथ उपनिषद और आरण्यक आदि वनों में रचे गए। महाकवि वाल्मीकि द्वारा रचित ग्रंथ रामायण भी तपोवन में ही कार या सकता था। औषधियों भी हमें वनों से ही मिलती हैं। विश्व की कोई सभ्यता एवं संस्कृति नहीं है. जिसने वनों के मूल्य को र आँका हो, उनकी महत्ता को न समझा हो। इसलिए वन-संरक्षण की आवश्यकता है। कागज़ बनाने तथा मकान के लिए लकड़ी इनों से हो प्राप्त होती है। पेड़-पौधे वर्षा का कारण बन कर पर्यावरण की रक्षा तो करते ही हैं, इनमें कार्बन-डाइऑक्साइड को शोषित करने की शक्ति भी होती है। सिंचाई और पेयजल की समस्या का समाधान भी वनों के संरक्षण से ही संभव है। वन हैं तो नदियों भी अपने भीतर जल की अमृतधारा संजोकर प्रवाहित कर रही हैं। समाप्त होने से धरती बंजर व रेगिस्तान बन जाएग |

**1. इस अनुच्छेद का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए।**
**2. वनों का हमारी सभ्यता-संस्कृति से किस प्रकार का नाता है?**
**3. हमारे शास्त्रों और ग्रंथों के लेखन में वनों की क्या भूमिका है?**
**4. वन हमारे पर्यावरण को किस प्रकार संरक्षित करते हैं?**
**5. वनों के समाप्त होने पर धरती पर कौन-सा खतरा मंडराने लगेगा?**

**प्रश्न 2. पद्यांश को पढ़कर बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **(5)**

जिस-जिससे पथ पर स्नेह मिला उस-उस राही को धन्यवाद ! जीवन अस्थिर, अनजाने ही हो जाता पथ पर मेल कहीं सीमित पग-डग, लंबी मंजिल तय कर लेना कुछ खेल नहीं। दाएँ-बाएँ सुख-दुःख चलते सम्मुख चलता पथ का प्रसाद जिस-जिससे पथ पर स्नेह मिला उस-उस राही को धन्यवाद ! अवलंबित काया जब चलते-चलते चूर हुई। दो स्नेह शब्द मिल गए, मिली-नवस्फूर्ति, थकावट दूर हुई। पथ के पहचाने छूट गए पर साथ-साथ चल रही याद ! जिस-जिससे पथ पर स्नेह मिला उस-उस राही को धन्यवाद !

**प्रश्न 1. दाएँ बाएँ सुख-दुख चलते' में कौन-सा अलंकार है ?**

(क) रूपक (ख) मानवीकरण (ग) उत्प्रेक्षा (घ) उपमा

**प्रश्न 2. राही' का पर्यायवाची बताइए-**

(क) घुमक्कड़ (ख) पर्यटक (ग) पथिक (घ) यात्री

**प्रश्न 3.कवि किसे धन्यवाद देता है ?**

(क) जीवन-मार्ग में जिस-जिससे स्नेह मिला (ख) सभी राहगीरों को

(ग) अनजान व्यक्तियों को (घ) अस्थिर स्वभाव के लोगों को

**प्रश्न 4.कवि ने पथ के बारे में क्या कहा है ?**

(क) सीमित पथ है छोटी मंजिल है (ख) सीमित पथ है लंबी मंजिल है

(ग) पथ पर नव स्फूर्ति है (घ) असीमित पथ है लंबी मंजिल है

**प्रश्न 5. कवि किस बात को महत्त्व देता है?**

(क) नव-स्फूर्ति (ख) जीवन मार्ग में स्नेह (ग) क और ख (घ) पथ

## खंड -ख ( व्याकरणिक बोध )

**प्रश्न 3. दिए गए प्रश्नों से सही विकल्प चुनिए-** **(2)**

(क) अखबार शब्द किस भाषा का है?

1. चीनी 2. अंग्रेजी 3. अरबी 4. फ्रेंच

(ख) पंकज किस प्रकार का शब्द है?

1. रूढ़ 2. यौगिक 3. योगरूढ़ 4. तद्भभव

(ग) 'रामचरितमानस' की रचना किस भाषा?

1. ब्रज भाषा 2. अवधि भाषा 3. मैथिलि भाषा 4. संस्कृत भाषा

(घ) संक्षेप का विलोम शब्द क्या है?

1. क्षेप 2. विस्तार 3. विकार 4. निराकार

**प्रश्न 4. दिए गए शब्दों में उपसर्ग लगाकर विलोम शब्द बनाएं-** **(2)**

1. आयु 2. गंध 3. दार 4. पूर्ण

**प्रश्न 5 दिए गए शब्दों में भेद के अनुसार सही विकल्प चुनकर लिखें-** **(2)**

1. लीची (तुर्की, चीनी) 2. तोप (तुर्की, अरबी)

3. अमीर (अरबी, फ़ारसी) 4. कुली (अंग्रेजी, तुर्की)

**प्रश्न 6. निम्नलिखित (तीन) प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **(3)**

1. पद किसे कहते हैं उदाहरण सहित लिखें?
2. योगरूढ़ शब्द के कोई दो उदाहरण दें?
3. रूढ़, यौगिक, योगरूढ़ के दो - दो उदाहरण लिखें |
4. भाषा के दो रूप कौन से हैं? परिभाषा सहित बताइए?

## <u>खंड - ग (साहित्य बोध )</u>

**प्रश्न 7. सही विकल्प के सामने( सही )का चिन्ह लगाइए-** **(2)**

1. **'भिखारिन पाठ के लेखक का क्या नाम है?**
   क. प्रेमचंद ख. धर्मवीर भारती ग. रवींद्रनाथ ठाकुर घ. अन्नपूर्णानंद वर्मा
2. **सेठ बनारसी दास किस रूप में प्रसिद्ध थे ?**
   क. बहुत बड़े देशभक्त के रूप में ख. बहुत बड़े धर्मात्मा के रूप में
   ग. बहुत धनी व्यापारी के रूप में घ. पहले दोनों विकल्प सही है
3. **भिखारिन के साथ कौन रहता था?**
   क. कोई नहीं ख. कोई 5 वर्ष का एक बालक
   ग. 10 वर्ष का एक बालक घ. 10 साल की एक बालिका
4. **'मानव जाति के विकास के लिए कितने त्याग किया था?**
   क. दधीचि ने ख. पुरंदर ने
   ग. अशोक ने घ. देवी सरस्वती ने

**प्रश्न 8. दिए गए कठिन शब्दों के अर्थ लिखिए-** **(2)**

1. मिथ्या 2. फिटन
3. विकल 4. पराया धन

**प्रश्न 9. नीचे दिए गए किन्हीं तीन (लघु प्रश्नों )के उत्तर दीजिए-** **(3)**

1. सेठ बच्चों के प्राण बचाने के लिए क्यों आतुर हो गया ?
2. सेठ को भिखारिन के पास किस विवशता से जाना पड़ा?
3. बेटियों के प्रति भेदभाव को कैसे समाप्त किया जा सकता है?
4. दादी मां लड़की को क्या कहती है?

**प्रश्न 10. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** **(4)**

(क) भिखारिन उनको..............................देती और उनकी.................................को सराहती।
(ख) राहगीरों में पैसे देने की अपेक्षा.............................देने वालों की संख्या अधिक होती।
(ग) कर्ज के इच्छुक तो आते ही थे, परंतु ऐसे व्यक्तियों का भी..........................लगा रहता जो अपनी पूँजी सेठ जी के पास रूप में रखने आते थे।
(घ) सेठ जी ने मुनीम की ओर...................................दृष्टि से देखते हुए कहा।

## <u>खंड -घ ( रचनात्मक बोध )</u>

**प्रश्न 11. हिंदी दिवस आयोजन करने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए** **(5)**

**प्रश्न 12. विद्यालय सचिव की ओर से विद्यार्थियों को विद्यालय में लगने वाले रक्तदान शिविर के आयोजन हेतु सूचना दीजिए-** (5)